Calcutta and Pune jointly with the respective State Electronics Development Corporations. These centres will carry out R&D in applied electronics including electronics for rural applications and provide R&D support to the industry both in the public and private sectors in their respective regions.

Department of Electronics have signed Memorandum of Understanding with Rajasthan Electronics and Instruments Limited (REIL), Jaipur and Government of Madhya Pradesh for jointly setting up Rural Electronics Technology Centre at Jaipur and Bhopal respectively.

इलाहाबाद में बिना बारी के टेलीफोन की मंजूरी

2626. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1989 से 15 जुलाई, 1989 तक इलाहाबाद में बिना बारी के टेलीफोन कनेक्शन देने के लिए कितने आदेश जारी किए गए, उनमें से अब तक कितने टेलीफोन कनेक्शन लगा दिए गए हैं और कितने टेलीफोन अभी तक नहीं लगे हैं ; और

(ख) दोनों प्रकार के टेलीफोन कनेक्शन पाने वालों के नाम और पते क्या हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) इलाहाबाद में 1-1-1989 से 15-7-1989 तक की अवधि के दौरान प्राथमिकता के आधार पर 167 टेलीफोन कनेक्शन मंजूर किए गए । इनमें से, अभी तक 74 टेलीफोन कनेक्शन लगा दिए गए हैं । अनेक मामलों में उपभोक्ताओं के अहातों में संस्थापन कार्य चल रहा है । अन्य मामलों में टेलीफोन की संस्थापना न किए जाने के कारण इस प्रकार हैं :—

जहां टेलीफोन लगना है, वहां केबिल पेपर का उपलब्ध न होना अथवा रजिस्ट्रेशन न किया जाना ।

इन मामलों में यथाशीघ्र संस्थापना का कार्य पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

(ख) जानकारी एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

प्रतिनियुक्ति के लिए विकल्प चाहने वाले उत्तर प्रदेश के आई.ए.एस./आई. पी. एस. अधिकारी

2627. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश संवर्ग के कितने आई०ए०एस०/आई०पी०एस० अधिकारियों ने प्रतिनियुक्ति लिए विकल्प दिया है और वे 1987 से केन्द्रीय सेवा में आ गए हैं ; और

(ख) इस अवधि के दौरान कितने आई०ए०एस०/आई०पी०एस० अधिकारी उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्ति पर गए हैं?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) 1987 से उत्तर प्रदेश के 35 आई०ए०एस० अधिकारी और 16 आई० पी०एस० अधिकारी केन्द्र में प्रतिनियुक्ति पर आए हैं ।

(ख) इसी अवधि के दौरान मणिपुर-त्रिपुरा संयुक्त संवर्ग के एक आई०ए०एस० अधिकारी और पंजाब संवर्ग के एक आई०पी०एस० अधिकारी को उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया था ।

French TCA Technology for Indian Fighter Plane

2628. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether France has offered Tactical Combat Aircraft technology for India's multi-role fighter plane;